शनिवार
23 जुलाई 2022



पृष्ठ 4
ऐलोवेरा को करें डायट में शामिल




पृष्ठ 5
फाड़ू में काम करना कई मायनों में सीखने लायक था:सैयामी खेर



● देहरादून
● वर्ष 30
● अंक 167
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

# दूनवैलीमेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

**आज का विचार**

अच्छा स्वास्थ्य एवं अच्छी समझ जीवन के दो सर्वोत्तम वरदान हैं।
– प्यूब्लियस साइरस

# मंत्री गिरफ्तार, 20 करोड़ कैश बरामद

विशेष संवाददाता

कोलकाता। पश्चिमी बंगाल की ममता सरकार के मंत्री और उसके करीबियों के ठिकानों पर ईडी द्वारा की गई छापेमारी में 20 करोड़ से अधिक की नकदी और जेवर के अलावा बहुत सारा आपत्तिजनक सामान बरामद किया गया है। भ्रष्टाचार के मामलों में ईडी द्वारा उद्योग मंत्री पार्थ चटर्जी को गिरफ्तार कर लिया गया है वही उनके दो सहयोगियों अभिनेत्री अर्पिता मुखर्जी और सुकांत आचार्य को हिरासत में ले लिया गया है। इस बड़ी कैश बरामदगी को ईडी द्वारा मनी लॉड्रिंग से जोड़कर देखा जा रहा है। समाचार लिखे जाने तक ईडी की 12 जगह छापेमारी जारी थी तथा नोटों की गिनती का काम भी चल रहा था।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक ईडी द्वारा बीते कल शाम यह कार्रवाई शुरू की गई। उद्योग मंत्री पार्थ चटर्जी के घर छापेमारी के बाद ईडी ने उनसे लंबी पूछताछ की। उनकी करीबी अभिनेत्री अर्पिता के घर से ईडी को छापेमारी के दौरान 500 और 2000 के बड़ी संख्या में नोट बरामद हुए हैं जिनकी गिनती की



❑बुरी फसी अभिनेत्री अर्पिता मुखर्जी
❑ईडी ने की 12 जगह छापेमारी

जा रही है। जो 20 करोड़ से ऊपर हो चुकी है। ईडी को उनके पास से 19 मोबाइल फोन, विदेशी मुद्रा और 50 लाख से अधिक के जेवर तथा अन्य कई आपत्तिजनक सामान बरामद हुए हैं। ईडी के अधिकारियों द्वारा उनसे इस कैश के बारे में जानकारी मांगी गई तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सकी जिसके कारण ईडी ने उन्हें हिरासत में ले लिया है और अब पार्थ मुखर्जी व अर्पिता को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि ममता सरकार में पार्थ अभी उद्योग मंत्री हैं लेकिन पूर्ववर्ती सरकार में उनके शिक्षा मंत्री रहते हुए 2016 में हुए शिक्षक भर्ती में बड़ी धांधली के आरोप लगे थे। एसएससी द्वारा 2016 में की गई शिक्षक भर्ती में व्यापक अनियमितताएं हुई थी। आज ईडी को जो कैश बरामद हुआ है वह कहां से आया इसका स्रोत क्या है इसकी जांच की जा रही है।

इस राजनीतिक बड़े भ्रष्टाचार के खुलासे के बाद भाजपा भी आक्रमक रुख अपनाएं हुए हैं। भाजपा नेताओं का कहना है कि अभी तो यह सिर्फ ट्रेलर है अभी पूरी पिक्चर बाकी है। इस भ्रष्टाचार के मामले में अभी और भी कई बड़े नाम शामिल हैं जो जांच के साथ सामने आने वाले हैं। फिलहाल मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है, हां उन्होंने ईडी की छापेमारी की खबर पर यह जरूर कहा था कि केंद्र सरकार के इशारे पर की जा रही इस कार्रवाई के लिए ईडी को छोड़ेंगे नहीं। लेकिन कैश की बरामदगी व अपने मंत्री की गिरफ्तारी के बाद उन्होंने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

# एसटीएफ ने पंजाब का हत्यारोपी उत्तराखण्ड से किया गिरफ्तार



संवाददाता

देहरादून। पंजाब में टैक्सी चालक की 25 लाख रूपये की सुपारी लेकर हत्या करने के मामले में फरार शूटर को एसटीएफ ने किच्छा से गिरफ्तार कर लिया। जिसके कब्जे से हत्या में प्रयुक्त तमंचा भी बरामद कर लिया।

आज यहां इसकी जानकारी देते हुए एसएसपी एसटीएफ अजय सिंह ने बताया कि सीओ डा. पूर्णिमा गर्ग द्वारा गठित टीम ने किच्छा पुलिस की मदद से आज संयुक्त कार्यवाही करते हुए पंजाब के तरनतारन में हुई हत्या शार्प शूटर रोहित चांगला पुत्र राजाराम निवासी गल्ला मण्डी किच्छा को ऊधमसिंह नगर के किच्छा से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से हत्या में

❑25 लाख रुपये की सुपारी लेकर की थी हत्या

इस्तेमाल 315 बोर का तमंचा बरामद कर लिया। उन्होंने बताया कि वारदात इसी माह पांच जुलाई को तरनतारन जिले के थाना बोल्टहा क्षेत्र में हुई थी। चूंकि मृतक पेशे से टैक्सी ड्राइवर था तो हत्यारों ने उस दिन पंजाब के खेमकरण से अमृतसर के लिए उसी की टैक्सी बुक करायी थी और कुछ ही दूरी पर पहुंचने के बाद किसी बहाने से टैक्सी रूकवाकर पिछली सीट पर बैठे बदमाश रोहित ने तमंचे से मृतक को पीछे से सिर मे गोली मारकर उसकी हत्या कर दी थी। अजय

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

# डम्पर की टक्कर से 6 कांवड़ियों की मौत, एक गम्भीर घायल

हमारे संवाददाता

हाथरस। हरिद्वार से कांवड़ लेकर लौट रहे कांवड़ियों को देर रात डंपर ने कुचल दिया। हादसे में 5 कांवड़ियों की मौके पर ही मौत हो गई है जबकि घायल हुए है। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शवों को कब्जे में लेकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया जहां उपचार के दौरान एक और कांवड़िये की मौत हो गयी जबकि दूसरे का इलाज जारी है। कांवड़ यात्रियों का जत्था हरिद्वार से गंगाजल लेकर मध्य प्रदेश के ग्वालियर जा रहा था। हाथरस जिले के सादाबाद थाना इलाके के हाथरस-आगरा मार्ग के बढ़ार चौराहा पर कल देर रात यह हादसा हुआ है। जानकारी के अनुसार बीती रात लगभग तीन बजे एक अनियंत्रित तेज रफ्तार डंपर ने कांवड़ियों के एक जत्थे को रौंद दिया। इस दुर्घटना में 5 कांवड़ियों की मौके पर ही मौत हो गई और दो गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें नजदीकी डॉक्टर से प्राथमिक उपचार दिलाने के बाद आगरा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। अस्पताल में उपचार के दौरान एक की मौत हो गई जबकि दूसरे का इलाज जारी है। कांवड़ियों का ये जत्था ग्वालियर के थाना उटीला के अंतर्गत आने वाले गांव बागी खुर्द से हरिद्वार गया था। वहां से गंगाजल लेकर यह जत्था वापस ग्वालियर लौट रहा था।

# देश में कोरोना के 21,411 नए मामले सामने आए

नई दिल्ली । भारत में एक दिन में कोविड-19 के 21,411 नए मामले आने के साथ ही शनिवार को संक्रमण के कुल मामलों की संख्या 4,38,68,476 पर पहुंच गई, जबकि उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 1,50,100 हो गई।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के सुबह आठ बजे तक अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, संक्रमण से 67 और मरीजों के जान गंवाने से मृतकों की संख्या बढ़कर 5,25,997 हो गई है। उपचाराधीन मरीजों की संख्या संक्रमण के कुल मामलों का 0.34 प्रतिशत है। कोविड-19 से स्वस्थ होने वाले लोगों की राष्ट्रीय दर 98.46 प्रतिशत दर्ज की गई है।

आंकड़ों के मुताबिक, बीते 24 घंटों में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 618 की वृद्धि हुई है। वहीं,



संक्रमण की दैनिक और साप्ताहिक दर 4.46 प्रतिशत दर्ज की गई है। देश में कोरोना वायरस संक्रमण से उबरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 4,31,92,379 हो गई है, जबकि मृत्यु दर 1.20 प्रतिशत दर्ज की गई है। वहीं, देशव्यापी कोविड-19 रोधी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक 201.68 करोड़ से अधिक खुराक दी जा चुकी हैं।

गौरतलब है कि देश में सात अगस्त 2020 को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर 2020 को 90 लाख के पार चले गए थे।

देश में 19 दिसंबर 2020 को ये मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे। पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। इस साल 25 जनवरी को मामले चार करोड़ के पार हो गए थे।

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में शुक्रवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 712 नए मामले सामने आए और महामारी से एक मरीज की मौत हो गई।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# कोलकाता में कैश का खेला

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में ईडी की छापेमारी में 20 करोड़ से अधिक का कैश, 50 लाख से अधिक के जेवरात, 20 मोबाइल फोन और कुछ विदेशी मुद्रा बरामद की है। यह बरामदगी टीएमसी के एक मंत्री पार्थ चटर्जी की करीबी एक्ट्रस अर्पिता मुखर्जी के घर से हुई है। पार्थ चटर्जी, ममता बनर्जी की वर्तमान सरकार में उद्योग मंत्री हैं और पूर्ववर्ती सरकार में शिक्षा राज्य मंत्री थे। उनके कार्यकाल में शिक्षा विभाग में शिक्षकों की भर्ती हुई थी जिसमें व्यापक स्तर पर धांधली हुई थी ईडी ने पार्थ चटर्जी और उनकी सहयोगी और अन्य कई के घर छापेमारी की गई है जो अभी भी जारी है। पार्थ की गिरफ्तारी की जा चुकी है और अर्पिता मुखर्जी जिनके घर से यह कैश मिला और एक अन्य सहयोगी सुकांत आचार्य को हिरासत में ले लिया गया है। इतनी मात्रा में यह कैश कहां से आया इसका किसी के पास कोई जवाब नहीं है। पश्चिम बंगाल में किसी नेता की भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तारी या कैश की बरामदगी यह वास्तव में एक नमूना भर है। देश की राजधानी में ऐसे तमाम भ्रष्टाचारियों की फौज भरी पड़ी है। बात चाहे लालू प्रसाद की करें या फिर ओमप्रकाश चौटाला की जो जेल में हवा खा रहे हैं। यह तो सिर्फ उदाहरण भर है जो किसी तरह से कानून की जद में आ गए, हकीकत यह है कि देश के हर प्रांत में न जाने कितने पार्थ चटर्जी होंगे? अगर कोई जांच कर पाता या करा पाता तो इनकी गिनती मुश्किल हो जाएगी। आज जिन लोगों ने अर्पिता मुखर्जी के घर की वह तस्वीर देखी होगी जिसमें पांच-पांच सौ और 2-2 हजार के गुलाबी नोटों का ढेर लगा हुआ था वह जरूर इन्हें देख कर हैरान होंगे। एक आम आदमी जो अपना खून पसीना बहाकर भी इन गुलाबी नोटों की एक गड्डी भी पूरे जीवन काल में नहीं देख पाता वहीं बिना कुछ किए ही एसी कमरों और गाड़ियों वाले लाखों-करोड़ों गड्डियां यूं ही जुटा लेते हैं। खास बात यह है कि अन्ना हजारे जैसे समाजसेवी जो भ्रष्टाचार रोकने के लिए कानून बनाने की मांग करते हैं और आमरण अनशन कर अपनी जान तक दांव पर लगा देते हैं भ्रष्टाचारियों से बरामद इन नोटों के ढेरों को देखकर उनकी आत्मा भी कांप उठती होगी। धन्य है हमारे देश की वह सरकार और वह नेता जिन्होंने लोकपाल और लोकायुक्त जैसे कठोर भ्रष्टाचार विरोधी कानून बनाने का वायदा करने का छल अन्ना हजारे के साथ किया। तब से अब तक कई सरकारें आई व गई लेकिन भ्रष्टाचार पर वार करने की हिम्मत किसी ने भी नहीं दिखाई। 'न सोऊंगा न सोने दूंगा न खाऊंगा न खाने दूंगा' जैसी अच्छी-अच्छी बातें करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इस देश पर बड़ा एहसान होगा कि वह भ्रष्टाचार के खिलाफ सिर्फ एक ऐसा कानून बना दें जो भ्रष्टाचारी सफेदपोशो और वर्दी वालों को भी जेल पहुंचाने की गारंटी दे सके। ममता दीदी का मंत्री फसा है इसलिए भाजपा नेताओं का यह कहना स्वाभाविक है कि यह तो अभी ट्रेलर है पिक्चर तो अभी बाकी है। अच्छा हो कि भ्रष्टाचार पर राजनीति से प्रेरित कार्रवाई की जगह इसके परमानेंट ट्रीटमेंट पर विचार किया जाए।

# आबादी पर राजनीति मत कीजिए

अजीत द्विवेदी

भारत में आबादी का मामला बहुत संवेदनशील है। एक तरफ सांप्रदायिक विभाजन है तो दूसरी ओर जातीय बंटवारा भी बहुत गहरा है। इस वजह से हर बार आबादी का आंकड़ा भारत में एक खास किस्म के विमर्श को जन्म देता है। तभी जैसे ही विश्व जनसंख्या दिवस के मौके पर संयुक्त राष्ट्र संघ के जनसंख्या डिवीजन ने यह आंकड़ा जारी किया कि अगले साल भारत दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाला देश बन जाएगा वैसे ही इस पर राजनीति शुरू हो गई। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, 'एक वर्ग की आबादी बढ़ने की रफ्तार ज्यादा न हो जाए, ऐसा हुआ तो अराजकता फैलेगी'। उत्तर प्रदेश सबसे बड़ी आबादी वाला राज्य है और लोकसभा में सबसे ज्यादा सांसद भेजने वाला राज्य भी है। अगर उस राज्य में आबादी को लेकर यह आशंका पैदा की जाती है कि एक वर्ग की आबादी बढ़ रही है और उससे अराजकता हो सकती है तो इसके पीछे के मनोविज्ञान को समझा जा सकता है। ध्यान रहे उत्तर प्रदेश में जनसंख्या नियंत्रण कानून का मसौदा तैयार हो गया है और राज्य विधि आयोग के अध्यक्ष ने पिछले साल अगस्त में यह मसौदा सरकार को सौंपा था।

संयुक्त राष्ट्र संघ की रिपोर्ट का वस्तुनिष्ठ विश्लेषण करें तो कई ऐसी बातें सामने आएंगी, जो उस रिपोर्ट के बाद गढ़े जा रहे विमर्श को काटती हैं। मसलन भारत 2027 की समय सीमा से चार साल पहले ही दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाला देश बन रहा है तो ऐसा इस वजह से नहीं हुआ कि भारत में आबादी तेजी से बढ़ रही है, बल्कि ऐसा इसलिए हो रहा है कि चीन में एक बच्चे की नीति की वजह से जनसंख्या दर निगेटिव हो गई और वहां उस अनुपात में आबादी नहीं बढ़ी, जिसका अनुमान लगाया गया था। हकीकत यह है कि भारत ने जनसंख्या नियंत्रण में अद्भुत काम किया है। जिस समय भारत में पहली जनसंख्या नीति बनी थी और जनसंख्या नियंत्रण का प्रयास शुरू हुआ था उस समय भारत में टोटल फर्टिलिटी रेट यानी टीएफआर छह फीसदी थी और आज सात दशक के बाद वह दो फीसदी है। संयुक्त राष्ट्र संघ के मानकों के मुताबिक अगर कोई स्त्री 2.1 बच्चे पैदा करती है यानी किसी देश की टीएफआर 2.1 फीसदी हो जाती है तो वहां जनसंख्या स्थिर हो जाती है। भारत में यह दो फीसदी है, जिसका मतलब है कि भारत में जनसंख्या बढ़ने की दर थम गई है।

अफसोस की बात है कि भारत में आबादी बढ़ने को लेकर कई तरह के झूठ फैलाए गए हैं। यह धारणा बनाई गई है कि मुसलमानों की आबादी तेजी से बढ़ रही है। इस धारणा को आधार देने के लिए झूठे-सच्चे आंकड़े गढ़े गए हैं, जिनके जरिए बताया जाता है कि अमुक साल तक भारत में हिंदू अल्पसंख्यक हो जाएंगे। यह सही है कि कुछ जिलों में जनसंख्या संरचना बदली है और अनेक जिलों में मुस्लिम आबादी बहुसंख्यक हो गई है। यह भी सही है कि कई मुस्लिम बहुल जिलों में शरिया के नियम-कायदे लागू कराने का प्रयास हुआ है। हाल ही में झारखंड के दो जिलों से इस तरह की खबरें आईं। लेकिन यह अपवाद की घटनाएं हैं, जिनको ऐसे दिखाया जा रहा है, जैसे पूरे देश में ऐसा ही हो रहा है। उसके उलट पूरे देश में मुस्लिम आबादी भी तेजी से नियंत्रित हो रही है। 1992-93 में भारत में मुस्लिम आबादी की बढ़ने की दर यानी टीएफआर 4.4 फीसदी थी, जो 2019-20 में 2.3 हो गई। यानी मुस्लिम आबादी भी स्थिर होने की टीएफआर तक पहुंच गई है।

तभी आबादी के आंकड़ों को लेकर झूठ गढ़ने या गलत धारणा बनाने या राजनीति करने की जरूरत नहीं है। उसकी बजाय इस विशाल आबादी को एक संपदा मानते हुए इसके बेहतर इस्तेमाल की योजना बनाने की जरूरत है। दुनिया में काम करने की उम्र वाला हर पांचवां व्यक्ति भारत में रहता है। लेकिन अफसोस की बात है कि कामकाजी उम्र के ज्यादातर लोगों के पास काम नहीं है। संगठित क्षेत्र में नौकरियां नाममात्र की हैं और असंगठित क्षेत्र भी नोटबंदी, जीएसटी व कोरोना की वजह से दम तोड़ रहा है। स्वरोजगार के नाम पर किसी तरह से जीवन चलाने की व्यवस्था जरूर लोगों ने की है लेकिन वह पर्याप्त नहीं है। देश की आधी आबादी यानी महिलाओं का बड़ा हिस्सा वर्कफोर्स से बाहर है। ज्यादातर सेक्टर में उनके लिए काम करने की स्थितियां नहीं हैं। भारत में काम करने की उम्र यानी 15 साल से ऊपर की उम्र की सिर्फ 30 फीसदी महिलाएं ही किसी न किसी काम में शामिल हैं। इनमें भी ज्यादातर परिवार की खेती या कारोबार से जुड़ी हैं। जैसे जैसे शिक्षा और स्वास्थ्य के स्तर में सुधार हो रहा है और महिलाएं बच्चे पैदा करने की एकमात्र जिम्मेदारी को पीछे छोड़ रही हैं वैसे वैसे उनके लिए रोजगार की बेहतर व्यवस्था की जरूरत महसूस हो रही है। आबादी नियंत्रित करने का कानून बनाने की बजाय ऐसी नीतियां बनाने की जरूरत है, जिनसे देश की विशाल आबादी के लिए सम्मानजनक रोजगार सुनिश्चित हो। अगर देश में जनसंख्या नियंत्रण का कोई कानून बनता भी है तो उसमें नियंत्रण के बाद की स्थितियों को लेकर जरूरी उपाय होने चाहिए। मसलन महिलाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार पर ध्यान होना चाहिए और साथ ही बुजुर्गों के सम्मान से जीने की व्यवस्था पर भी विचार होना चाहिए। इस सदी के समाप्त होने तक देश की 30 फीसदी आबादी 65 साल से ज्यादा उम्र की होगी।

बहरहाल, देश की विशाल आबादी को संसाधन में तब्दील करने के लिए कानून निर्माताओं को बुनियादी सुविधाओं में सुधार पर ध्यान देना चाहिए। सबसे बुनियादी जरूरत सस्ती और अच्छी शिक्षा व्यवस्था की है। अगर सबको अच्छी और सस्ती शिक्षा मिलती है तभी आबादी के बोझ को संसाधन में बदलने की कोई भी ठोस पहल हो सकती है। शिक्षा के अलावा पोषण और बेहतर चिकित्सा व्यवस्था भी उतनी ही जरूरी है। कुपोषित और बीमार आबादी किसी भी देश के विकास में योगदान नहीं कर सकती है। अंत में रोजगार की व्यवस्था है। भारत की केंद्र सरकार और राज्यों की सरकारों को कृषि से लेकर विनिर्माण तक के उन सभी क्षेत्रों के लिए ऐसी नीतियां बनानी चाहिए, जिससे अधिकतम रोजगार के अवसर पैदा हों। दुनिया के कई देशों ने इस मामले में रास्ता दिखाया है। भारत का पड़ोसी बांग्लादेश गारमेंट निर्यात में दुनिया में अव्वल देश बना है तो वह अपनी बड़ी आबादी में कौशल विकास करके ही ऐसा कर पाया है। भारत कई सेक्टर में ऐसी उपलब्धि हासिल कर सकता है। लेकिन वह तभी होगा, जब आबादी पर राजनीति बंद होगी और उसके सकारात्मक इस्तेमाल की नीतियां बनेंगी।

# चार करोड़ लोगों ने नहीं लगवाई कोविड टीके की एक भी खुराक

नई दिल्ली। देश भर में कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच भारत सरकार की स्वास्थ्य राज्य मंत्री भारती प्रवीण पवार ने शुक्रवार को लोकसभा में बताया कि 18 जुलाई तक लगभग 4 करोड़ पात्र लाभार्थियों ने कोविड-19 वैक्सीन की एक भी खुराक नहीं ली है। एक लिखित उत्तर में स्वास्थ्य राज्य मंत्री ने बताया कि 18 जुलाई तक सरकारी कोविड टीकाकरण केंद्रों में कुल 1,78,38,52,566 वैक्सीन की खुराक (97.34 प्रतिशत) मुफ्त में दी गई हैं। साथ ही उन्होंने एक भी खुराक नहीं लेने वाले लोगों की संख्या और प्रतिशत पर एक सवाल के जवाब में कहा कि अनुमानित 4 करोड़ पात्र लाभार्थियों ने कोविड के टीके की एक भी खुराक नहीं लगवाई है। इस साल 16 मार्च से सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में स्वास्थ्य कर्मियों, फ्रंटलाइन वर्कर्स और 60 वर्ष से अधिक आयु के सभी लाभार्थियों के लिए एहतियाती खुराक (तीसरी खुराक) मुफ्त उपलब्ध थी। निजी स्वास्थ्य केंद्रों में 10 अप्रैल से 18-59 वर्ष आयु वर्ग के लिए कोविड टीके की तीसरी खुराक मिलनी शुरु हो गई। इस बीच एक विशेष अभियान के तहत सरकारी टीकाकरण केंद्रों पर 18 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी लोगों को एहतियाती खुराक (कोविड टीके की तीसरी खुराक) देने के लिए एक विशेष 75-दिवसीय अभियान 15 जुलाई से शुरू किया गया। इस साल भारत की आजादी की 75वीं वर्षगांठ मनाने के लिए सरकार के विशेष कार्यक्रम आजादी का अमृत महोत्सव के हिस्से के रूप में श्कोविड टीकाकरण अमृत महोत्सवश का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य पात्र आबादी के बीच कोविड के एहतियाती खुराक को बढ़ावा देना है।

अभि वो देवीं धियं दधिध्वं प्र वो देवत्रा वाचं कृणुध्वम्।

(ऋग्वेद ७-३४-९)

मनुष्य को चाहिए कि वह अपनी बुद्धि को दिव्य गुणों से युक्त करें। और वह अपनी वाणी को भी विद्वानों की वाणी के समान उत्तम बनाएं।

A person should equip his intellect with divine qualities. And he should make his speech as noble as the speech of scholars. (Rig Ved 7-34-9)

# अनुराग ठाकुर ने कहा, क्या मनीष सिसोदिया भी याददाश्त खो देंगे ?

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर हमला बोलते हुए उनपर उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को बचाने का आरोप लगाया। शनिवार को ठाकुर ने कहा कि आप (अरविंद केजरीवाल)



भ्रष्टाचार के आरोपों की सीबीआई जांच के लिए गृह मंत्रालय को एलजी के पत्र पर चुप हैं। यह आपके लोगों द्वारा आपकी नाक के नीचे भ्रष्टाचार दिखाता है। जेल में अपनी याददाश्त खोने वाले सत्येंद्र जैन पर आरोप थे। क्या मनीष सिसोदिया भी याददाश्त खो देंगे? अपनी बात को जारी रखते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि आपके विभागों से एक के बाद एक भ्रष्टाचार के मामले सामने आ रहे हैं। आपने राजनीति में आने से पहले बड़े-बड़े दावे किए लेकिन आपकी सरकार ने भ्रष्टाचार के नए रिकॉर्ड बनाए हैं। आपने भ्रष्टाचारियों को आश्रय दिया है और जिस तरह से आपने टीवी पर झूठ बोला था और भाजपा के किसी भी आरोप का जवाब नहीं दे सके, यह दर्शाता है कि एलजी की गृह मंत्रालय की सिफारिश जमीन पर है। भ्रष्ट मंत्रियों को इस्तीफा दे देना चाहिए। आप जैसे भ्रष्ट व्यक्ति को सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं है।

# गौवंश सप्लाई करने जा रहा एक गिरफ्तार, तीन फरार

संवाददाता

देहरादून। गौकशी कर गौवंश को सप्लाई के लिए ले जाते समय पुलिस ने एक को गिरफ्तार कर लिया जबकि उसके तीन साथी मौके से फरार हो गये। पुलिस ने सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पटेलनगर कोतवाली पुलिस ने राधा स्वामी सत्संग भवन के पास एक सेन्ट्रो कार को रूकने का इशारा किया तो कार चालक कार को तेजी से भगा ले गया। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर रोक लिया। पुलिस के पहुंचने से पहले ही कार में सवार तीन लोग मौके से फरार हो गये ज बकि एक को पुलिस ने हिरासत में ले कार की तलाशी ली तो कार से पुलिस ने मांस बरामद कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम शमीम पुत्र अजीज निवासी फतेहपुर सहारनपुर बताया। उसने अपने फरार साथियों के नाम ब्रहामणवाला निवासी नदीम, हरिद्वार निवासी धूरमठ व कल्लू बताया। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने पर सात नामजमद

संवाददाता

देहरादून। जमीन से पिल्लर उखाडने का विरोध करने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने सात लोगों को नामजद कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार ओकार रोड चुक्खुवाला निवासी गुरूचरण सिंह ने डोईवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी माजरी ग्रांट लालतप्पड में भूमि है। गत दिवस माजरी ग्रांट निवासी प्रवेश पाल अपने साथ गोपेश कुमार सलोचना देवी, कविता पत्नी प्रवेश पाल, दिव्या पाल पुत्री प्रवेश पाल मुन्ना लाल व रविन्द्र पाल को लेकर उसकी भूमि में घुस गये तथा भूमि में लगे पिल्लर उखाड कर चोरी करके ले गये। उसको जब पता चला तो वह वहां पर गया तो उक्त लोगों ने उसके साथ गाली गलौच करनी शुरू कर दी तथा उसके साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# मारपीट कर गाडी क्षतिग्रस्त करने पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा

संवाददाता

देहरादून। रास्ते में रोककर मारपीट कर वाहन को क्षतिग्रस्त करने के मामले में पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नारायण विहार कारगी निवासी अनिल कुमार ने पटेलनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसका पुत्र किसी काम से जीएमएस रोड पर जा रहा था तभी एक वाहन में सवार कुछ लोग वहां पर पहुंचे और उसके बेटे की कार रूकवाकर उसके साथ मारपीट करने लगे जब उसने उनका विरोध किया तो उन्होंने लोहे की रॉड से वाहन पर हमला कर उसको क्षतिग्रस्त कर दिया। जब आसपास के लोग वहां पर पहुंचे तो हमलावर उसको जान से मारने की धमकी देकर भाग गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# स्मैक के साथ गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने स्मैक के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासनगर कोतवाली पुलिस ने ढकरानी के पास एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा तो उसको रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से साढे पांच ग्राम स्मैक बरामद कर ली। पूछताछ में उसने अपना नाम आलिम पुत्र अली मौहम्मद निवासी ढकरानी बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# टैंकर की टक्कर से बाईक सवार घायल

संवाददाता

देहरादून। टैंकर की चपेट में आकर मोटरसाईकिल सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार बहादूर पुर सेलाकुई निवासी रीतराम ने सेलाकुई थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसका पुत्र करन उर्फ राहुल अपनी मोटरसाईकिल से घर की तरफ आ रहा था जब वह भाऊवाला चौक के पास पहुंचा तभी सामने से आ रहे टैंकर ने उसको अपनी चपेट में ले लिया जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया तथा मोटरसाईकिल क्षतिग्रस्त हो गयी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# दून योग पीठ ने चलाया वृहद वृक्षारोपण अभियान

नगर संवाददाता

देहरादून। हरेला पर्व के अन्तर्गत दून योग पीठ देहरादून द्वारा आध्यात्मिक गुरु आचार्य बिपिन जोशी के पावन सानिध्य में दून योग पीठ देहरादून के हाथीबड़कला केंद्र में बृहद वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। साथ ही लोगो को पेड़ लगाने के साथ साथ उनकी उचित देखभाल करने के लिए प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर आचार्य बिपिन जोशी ने कहा कि चाहे एक पेड़ लगाओ यदि पुण्य अर्जित करना है उसकी साल भर देख भाल करो , उन्होने कहा शिव पूजन के साथ साथ यदि हम एक पेड़ लगाते



हैं तो शिव पूजन का महत्व कोटि गुणा बढ़ जाता है इस अवसर पर योग साधिका राधा गेड़ा ,योगाचार्य किरण नौटियाल, रत्ना कपरूवान, आस्था कपरूवान रेखा डेनिल राजकिशोर आदि उपस्थित रहे।

# 22 अगस्त से शुरू होगी माँ नंदा देवी की लोकजात यात्रा

चमोली (आरएनएस)। मां नंदा की लोकजात यात्रा 22 अगस्त से शुरू होगी। शुक्रवार को सिद्धपीठ कुरुड़ मंदिर प्रांगण में महापंचायत की बैठक में यह निर्णय लिया गया। जिसमें मां नंदा की लोकजात के सफल आयोजन पर मंथन हुआ। शुक्रवार को महापंचायत ने मां नंदा कुरुड़ मंदिर समिति की नई कार्यकारिणी का गठन भी किया है। जिसमें सुखवीर सिंह रौतेला को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई।

कृपाल सिंह बिष्ट को उपाध्यक्ष, श्याम सिंह रावत को कोषाध्यक्ष, हर्षवर्द्धन बिष्ट को सचिव, राजेंद्र प्रसाद गौड़ को सहसचिव और विक्रम सिंह को संरक्षक की जिम्मेदारी दी गई है। ग्राम प्रधान कुरुड़ रेखा देवी, पूर्व अध्यक्ष भागवत सिंह बिष्ट, सुखेंद्र सिंह बिष्ट, गौरव फरस्वाण और मोहन सिह नेगी को संयोजक मंडल में रखा गया है।

महापंचायत में निर्णय लिया गया कि 22 अगस्त को मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद दशोली और बधाण की मां नंदा की डोलियां कैलाश के लिए रवाना होंगी। तीन सितंबर को नंदा सप्तमी के दिन दशोली की डोली की बालपाटा और बधाण की डोली की बेदनी नामक स्थान में विशेष पूजाएं आयोजित होंगी। मंदिर समिति के पदाधिकारी यात्रा के रास्तों में आपदा से हुई क्षति की मरम्मत के लिए शीघ्र जिलाधिकारी से भेंट करेंगे।

इस मौके पर क्षेत्र पंचायत सदस्य दीपक रतूड़ी, अनिल बिष्ट, ल्वाणी प्रधान गजेंद्र सिंह नेगी, रणजीत सिंह खत्री, मुंशी चंद्र गौड़, दिनेश प्रसाद गौड़, अशोक गौड़, प्रकाश, सुभाष, राजेंद्र प्रसाद, विजय प्रसाद, उमेश चंद्र, लक्ष्मण सिंह आदि मौजूद रहे।

# मोटरसाईकिल चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने घर के बाहर खडी मोटरसाईकिल चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हरबर्टपुर निवासी संजय शर्मा ने विकासनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने अपनी मोटरसाईकिल घर के बाहर खडी की थी लेकिन जब वह थोडी देर बाद वापस आया तो उसने देखा कि उसकी मोटरसाईकिल अपने स्थान से गायब थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# दस सूत्रीय मांगों को लेकर ग्रामीण डाक सेवकों ने दिया धरना

नई टिहरी (आरएनएस)। अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ डाक मंडल से जुड़े टिहरी और उत्तरकाशी जिले के ग्रामीण डाक सेवकों ने दस सूत्रीय मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना दिया। उन्होंने सरकार से शीघ्र लंबित दस सूत्रीय मांगों के निस्तारण की मांग की। शुक्रवार को अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ टिहरी और उत्तकाशी के डाक सेवकों ने मंडलीय अध्यक्ष राजपाल सिंह नेगी के नेतृत्व में नई टिहरी के मुख्य डाकघर परिसर में धरना दिया। संगठन के मंडलीय अध्यक्ष ने कहा कि ग्रामीण डाक सेवक लंबे समय से दस सूत्रीय मांगों के निस्तारण की मांग कर रहे हैं, लेकिन उनकी मांगों पर कोई उचित कार्यवाहीं नहीं हो पा रही है। कहा केंद्रीय संगठन के आहवान पर ग्रामीण डाक सेवक एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर मांगों के निस्तारण की मांग की। बताया मांगों में डाक सेवाओं का निजीकरण बंद करने, ग्रेच्युटी की राशि बहाली करने, जीडीएस को चिकित्सा सुविधा देने, समूह बीमा राशि बढ़कर पांच लाख रुपये करने सहित दस सूत्रीय मांगें शामिल हैं। कहा जल्द मांगों का निस्तारण नहीं होता है, तो केंद्रीय कार्यकारणी के आह्वान पर आंदोलन को और तेज कर दिया जाएगा। धरना-प्रदर्शन करने वालों में मंडलीय सचिव अकबर पुंडीर, मुन्नी देवी, धर्म सिंह भंडारी, सत्ये सिंह भंडारी आदि मौजूद थे।

# अतिक्रमण हटाओ अभियान को लेकर बंटे व्यापारी

श्रीनगर गढ़वाल (आरएनएस)। श्रीनगर में प्रशासन की ओर से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान नगर निगम, पुलिस एवं तहसील प्रशासन की संयुक्त टीम ने नालियों के ऊपर एवं फुटपाथ पर किए गए अतिक्रमण को हटाया। अतिक्रमण को लेकर प्रशासन की कार्यवाही के समर्थन व विरोध में व्यापारी बंटे हुए दिखे।

मौके पर प्रशासन ने छह व्यापारियों के चालान काटे, जबकि बड़ी मात्रा में अतिक्रमण कर लगाए गए सामान को जब्त भी किया। शुक्रवार को एसडीएम अजयवीर सिंह के नेतृत्व में चलाए गए अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत पीपल चौरी से गणेश बाजार, गोला बाजार व सब्जी मंडी में नालियों व फुटपाथ के ऊपर किए गए अतिक्रमण को हटाने के दौरान प्रशासन को व्यापारियों का विरोध भी झेलना पड़ा। व्यापारियों ने कहा कि प्रशासन को हमेशा छोटे व्यापारियों का ही अतिक्रमण नजर आता है, जिन्होंने बड़े एवं पक्के अतिक्रमण किए हुए हैं उनका नहीं हटाया जा रहा।

इस अभियान में प्रशासन ने ट्रे, बोर्ड, लोहे के जंगले, टेबल, काउंटर, सामान लगाने के लिए लगाए गए फट्टे व पक्के तौर पर लगाई गई लोहे की जालियों को बड़ी संख्या में जब्त किया। साथ ही नालियों को चोक करने और गंदगी फैलाने पर 6 व्यापारियों के चालन भी काटे। व्यापार सभा जिला अध्यक्ष वासुदेव कंडारी, नगर व्यापार सभा महासचिव अमित बिष्ट, पूर्व व्यापार सभा अध्यक्ष हिमांशु अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल आदि ने पक्की जाली और अवैध रूप से किए गये स्थाई निर्माण को हटाने के लिए व्यापारियों को समय दिए जाने की मांग की। जिस पर एसडीएम ने व्यापारियों को इसके लिए दो दिन का समय दिया। एसडीएम ने व्यापारियों को दुबारा से अतिक्रमण न करने की हिदायत दी। एसडीएम अजयवीर सिंह ने कहा कि पटरियों और फुटपाथ को खाली करने के उद्देश्य से चलाये गये अभियान के तहत नालियों के ऊपर किए गये अतिक्रमण को हटाया जा रहा है।

उन्होने कहा कि जिन व्यापारियों ने स्थाई तौर पर पटरियो और नालियों पर अतिक्रमण किया है उन्हें दो दिन का समय दिया गया है। मौके पर कोतवाली निरीक्षक हरिओम राज चौहान, नगर निगम के स्वास्थ्य निरीक्षक शशि पंवार आदि मौजूद रहे।

# शिक्षा और चिकित्साः जबानी जमा-खर्च

वेद प्रताप वैदिक

वाराणसी में अखिल भारतीय शिक्षा समागम में बोलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंग्रेजों की औपनिवेशिक शिक्षा प्रणाली की दो-टूक आलोचना की और देश भर के शिक्षाशास्त्रियों से अनुरोध किया कि वे भारतीय शिक्षा प्रणाली को शोधमूलक बनाएं ताकि देश का आर्थिक और सामाजिक विकास तीव्र गति से हो सके। जहां तक कहने की बात है, प्रधानमंत्री ने ठीक ही बात कही है लेकिन वर्तमान प्रधानमंत्री और पिछले सभी प्रधानमंत्रियों से कोई पूछे कि उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में कौनसे आवश्यक और क्रांतिकारी परिवर्तन किए हैं?

पिछले 75 साल में भारत में शिक्षा का ढांचा वही है, जो लगभग 2०० साल पहले अंग्रेजों ने भारत पर थोप दिया था। उनकी शिक्षा का उद्देश्य सिर्फ जी-हुजूर बाबुओं की जमात खड़ी करना था। आज भी वही हो रहा है। हमारे सुशिक्षित नेता लोग उसके साक्षात ज्वलंत प्रमाण हैं। देश के कितने नेता सिर्फ डिग्रीधारी हैं और कितने सचमुच पढ़े-लिखे और बुद्धिजीवी है? इसीलिए वे नौकरशाहों की नौकरी करने के लिए मजबूर होते हैं।

हमारे नौकरशाह भी अंग्रेज की टकसाल के ही सिक्के हैं। वे सेवा नहीं, हुकूमत के लिए कुर्सी पकड़ते हैं। यही कारण है कि भारत में औपचारिक लोकतंत्र तो कायम है लेकिन असलियत में औपनिवेशिकता हमारे अंग-प्रत्यंग में रमी हुई है। प्रधानमंत्री गर्व से कह रहे हैं कि उनके राज में अस्पतालों की संख्या 7० प्रतिशत बढ़ गई है लेकिन उनसे कोई पूछे कि इन अस्पतालों की हालत क्या है और इनमें किन लोगों को इलाज की सुविधा है? अंग्रेज की बनाई इस चिकित्सा-पद्धति को, यदि वह लाभप्रद है तो स्वीकार जरुर किया जाना चाहिए लेकिन कोई यह बताए कि आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा, होम्योपेथी, हकीमी-यूनानी चिकित्सा-पद्धतियों का 75 साल में कितना विकास हुआ है?

उनमें अनुसंधान करने और उनकी प्रयोगशालाओं पर सरकार ने कितना ध्यान दिया है? पिछले सौ साल में पश्चिमी एलोपेथी ने अनुसंधान के जरिए अपने आपको बहुत आगे बढ़ा लिया है और उनकी तुलना में सारी पारंपरिक चिकित्साएं फिसड्डी हो गई हैं। यदि हमारी सरकारें शिक्षा और चिकित्सा के अनुसंधान पर ज्यादा ध्यान दें और इन दोनों बुनियादी कामों को स्वभाषा के माध्यम से संपन्न करें तो अगले कुछ ही वर्षों में भारत दुनिया के उन्नत राष्ट्रों की टक्कर में सीना तानकर खड़ा हो सकता है।

यदि शिक्षा और चिकित्सा, दोनों सस्ती और सुलभ हों तो देश के करोड़ों लोग रोजमर्रा की ठगी से तो बचेंगे ही, भारत शीघ्र ही महाशक्ति और महासंपन्न भी बन सकेगा। दुनिया में जो भी 8-1० राष्ट्र शक्तिशाली और संपन्न माने जाते हैं, यदि बारीकी से आप उनका अध्ययन करें तो आपको पता चलेगा कि पिछले 1०० वर्षों में ही वे वैसे बने हैं, क्योंकि उन्होंने अपनी शिक्षा और चिकित्सा पर सबसे ज्यादा ध्यान केंद्रित किया है।

# आम सहमति जरुरी है

नेपाल में प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा की सरकार की इस बात के लिए तारीफ करनी होगी कि उसने मधेसी जन समुदाय की भावना का ख्याल रखा। उसने नागरिकता कानून संशोधन बिल वापस लेने का फैसला किया है।

नेपाल में आखिरकार मधेसी समुदाय की जीत हुई। ये समुदाय है, जो भारत से जाकर वहां बसा है। इस समुदाय के लोगों के आज भी पारिवारिक और वैवाहिक संबंध भारत- खास कर बिहार में बनते हैैं। इसीलिए वहां जब नागरिकता कानून में संशोधन का बिल लाया गया, तो ये समुदाय सड़कों पर उतर आया। बहरहाल, प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा की सरकार की इस बात के लिए तारीफ करनी होगी कि उसने इस जन समुदाय की भावना का ख्याल रखा। उसने नागरिकता कानून संशोधन बिल वापस लेने का फैसला किया है।

देउबा सरकार ने कहा है कि अब इस विधेयक में शामिल विवादास्पद प्रावधानों को हटा कर विधेयक का नया प्रारूप तैयार किया जाएगा। उसके बाद उसे नए सिरे से संसद में पेश किया जाएगा। नेपाल के नागरिक कानून अधिनियम- 2००6 में संशोधन के करने के लिए नया बिल तैयार हुआ था। लेकिन बिना आम सहमति बनाए उसे सात अगस्त 2०18 को संसद में पेश किया गया। नतीजतन, देश के कई हिस्सों से उसको लेकर विरोध भड़क उठा। इस कारण बिल को पारित कराने की कार्यवाही रोक दी गई। ये विधेयक पारित होने पर नेपाल से लगे भारतीय क्षेत्रों में वैवाहिक रिश्ता बनाने वाले मधेसी नेपाली परिवारों को भारी दिक्कत होती।

नागरिकता संशोधन कानून में सबसे विवादास्पद प्रावधान नेपाली पुरुषों से विवाह करने वाली विदेशी महिलाओं की नागरिकता के बारे में था। इस प्रावधान पर एक संसदीय समिति ने दो साल तक व्यापक विचार-विमर्श किया। इसके बावजूद इस बारे में प्रमुख राजनीतिक दलों में आम सहमति नहीं बन सकी कि नेपाली पुरुषों से शादी करने वाली विदेशी महिलाओं को नागरिकता देने का नियम क्या हो। आम सहमति के अभाव में संसदीय समिति ने मतदान से फैसला किया था। उसमें बहुमत ने इस प्रावधान का समर्थन किया कि नेपाली पुरुष से विवाह करने वाली विदेशी महिला को सात साल बाद जाकर नेपाल की नागरिकता मिले। इस बारे में अभी भी देश में आम सहमति नहीं है। लेकिन बिल वापस होने के बाद नए सिरे से विचार-विमर्श का रास्ता खुला है।

आशा है, नए मिले अवसर का लाभ उठाते हुए सभी पक्ष आम सहमति बनाने की ईमानदार कोशिश करेंगे। (आरएनएस)

# ऐलोवेरा को करें डायट में शामिल



बीते कुछ सालों से ऐलोवेरा लोगों के बीच काफी पॉप्युलर हो चुका है। हेल्थ और ब्यूटी से जुड़े इसके फायदे लोगों तक पहुंच चुके हैं। इसमें डिटॉक्स करने वाले गुण होते हैं जिनके चलते यह वजन कम करने में भी मददगार होता है।

वैसे खूबसूरती बढ़ाने के लिए ऐलोवेरा का इस्तेमाल काफी लोगों ने करना शुरू कर दिया है लेकिन ज्यादातर लोगों को नहीं समझ आता कि इसे डायट में कैसे शामिल किया जाए। यहां कुछ इंट्रेस्टिंग तरीके हैं जिनसे आप इसे अपनी डायट में शामिल कर सकते हैं।

ऐलोवेरा जूस को हर सुबह खाली पेट लिया जा सकता है। जूस लेने के एक घंटे बाद तक कुछ और न खाएं। यह बॉडी को डिटॉक्स करता है और कब्ज भी दूर करता है। जूस बनाने के लिए एक ग्लास पानी लें इसमें नींबू का रस मिलाएं। अब इसमें एक बड़ा चम्मच ऐलोवेरा जेल मिला दें। कोशिश करें कि ये जेल बाजार का नहीं बल्कि प्लांट से निकाला गया हो। अब इस घोल को गर्म होने रख दें। ऐलोवेरा जेल घुल जाए तो इसमें शहद मिलाकर गुनगुना ही पीएं।

स्ट्रॉबेरी कैलरीज में कम, वजन घटाने के लिए बढ़िया फल है। सबसे अच्छी बात यह डायबीटीज के मरीजों के लिए भी सेफ है। इसमें संतरा और ऐलोवेरा मिलाकर आप बढ़िया ऐंटीऑक्सिडेंट ड्रिंक बना सकते हैं। इसे बनाने के लिए ताजे संतरों का रस निकालें इसमें तीन से चार स्लाइस स्ट्रॉबेरी की डालें और एक बड़ा चम्मच ऐलो वेरा जूस मिला लें। इन सबको आधे कप पानी के साथ ब्लेंड कर लें आपकी स्मूदी तैयार।

ऐलोवेरा क्यूब आप स्किन पर लगाने के साथ इन्हें स्मूदी या ड्रिंक में भी डाल सकते हैं। इसके लिए ऐलोवेरा जेल को पानी में गर्म करके थोड़ा डाल्यूट बना लें फिर इसे ठंडा करके आइस क्यूब के रूप में जमा दें। इन आइस क्यूब्स को स्मूदी बनाते वक्त साथ में ब्लेंड करें।

# योगा में करें सही कपड़ों का चुनाव

बॉलीवुड एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा अपनी फिटनेस और ग्लैमर से आज भी यंग अभिनेत्रियों को टक्कर देती हैं। उन्हें देख ये कहना मुश्किल है कि मलाइका 47 साल की हैं। उनकी फिटनेस और ग्लैमर का राज रोजाना योग करना और हेल्दी लाइफस्टाइल जीना है। एक्ट्रेस चाहें जितनी भी बिजी क्यों न हों वह अपनी हेल्थ को मेंटेन करने के लिए रोजाना के अपने एक्सरसाइज रूटीन को फॉलो करती हैं। एक्ट्रेस को अक्सर उनके जिम के बाहर या फिर योगा क्लास की ओर जाते देखा जाता है। फिट रहने के लिए अगर आप एक्सरसाइज करते हैं तो आपको उसके साथ ही सही कपड़ों का चुनाव भी करना जरूरी है। यहां देखें योग के लिए कैसे चुनें सही आउटफिट-

1) ऐसा कपड़ा चुनें जिसमें हवा पास हो

हालांकि कुछ लोगों को ढीले कपड़े योग के लिए आदर्श लगते हैं, लेकिन यह जरूरी नहीं कि इस तरह के कपड़े आरामदायक हो। दरअसल, आपको बहुत ढीले या बहुत टाइट कपड़े पहनने से बचना चाहिए। योग के दौरान कुछ आसन ऐसे कपड़ों में करने से मुश्किल भरे हो सकते हैं। उन कपड़ों को खरीदें जो एक ही समय में सांस लेने योग्य और आरामदायक हों। आप जैविक कॉटन, बांस और लिनन के कपड़ों को चुन सकते हैं।

2) स्ट्रेच करने में मदद करते हैं इलास्टिक टॉप्स

योग के लिए ऐसे कपड़े चुनें जो आरामदायक हों और मामूली कवरेज के साथ हों। कॉटन मिक्स के साथ स्ट्रेचेबल टी-शर्ट, जो धड़ को कवर करे। वह पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए अच्छी तरह से काम करती हैं। महिलाएं बिल्ट-इन ब्रा के साथ योगा टॉप चुन सकती हैं।

3) लॉन्ग या शॉर्ट, सही पैंट को चुनें

योग करने के लिए इलास्टिक वेस्ट के साथ योग पैंट को चुनें या फिर जो शरीर के आकार के मुताबिक हों। महिलाओं के लिए, योग पैंट फोल्डेबल वेस्ट के साथ आती हैं, जो काफी आरामदायक होती हैं। कैपरी स्टाइल के योग पैंट भी पुरुषों और महिलाओं दोनों के बीच काफी फेमस हैं।

4) सही कलर का करें चुनाव

ऐसे रंग चुनें जो हल्के और मिट्टी के रंग से अच्छी तरह मेल खाते हैं। फैशन डीवाज के लिए, योग के कपड़े प्रिंट और कढ़ाई जैसे डिजाइन विवरण के साथ मिल सकते हैं। हालांकि आप आरामदायक कपड़ों को चुनना अपनी प्राथमिकता रखें।

5) समय के मुताबिक चुनें कपड़े

दिन के समय के आधार पर कपड़ों को सिलेक्ट करें अगर आप सुबह में तो आप कुछ लेयरिंग के साथ आउटफिट चुन सकते हैं, क्योंकि बिल्कुल सुबह थोड़ी ठंडक हो सकती है। (आरएनएस)

## शब्द सामर्थ्य -100

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

**ऊपर से नीचे**

1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | 9 | | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | | 13 | ■ | 14 | | 15 | ■ | 16 |
| | ■ | 17 | | | ■ | 18 | | |
| 19 | 20 | | ■ | 21 | 22 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | 23 | |
| 24 | | ■ | ■ | 25 | | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 99 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दा | ढ़ी | ■ | की | ■ | खा | सो | आ | म |
| वा | ■ | त | म | न्ना | ■ | ■ | जा | ■ |
| न | जा | क | त | ■ | बा | अ | द | ब |
| ल | ■ | ली | ■ | वि | ला | प | ■ | हा |
| ■ | अ | फ | सा | ना | ■ | मा | हि | र |
| दा | ब | ■ | ■ | श | गु | न | ■ | ■ |
| न | ■ | उ | प | का | र | ■ | शि | ■ |
| व | ■ | त्स | ■ | र | ■ | त | क | ला |
| ■ | सा | व | न | ■ | गु | रु | वा | र |

# इंटरनेट पर छाई गुम है... सीरियल की सई

टीवी के मशहूर सीरियल गुम है किसी के प्यार में में सई का किरदार निभाने वाले वाली आयशा सिंह की नई फोटोज सोशल मीडिया पर तहलका मचा रही हैं। इन फोटोज में आयशा मतलब कि आपकी प्यारी सई ने लहंगे के साथ ऐसी चोली पहनी हुई है कि लोगों की नजरें उनके डीपनेक पर जाकर अटक रही है। इन फोटोज में सई



ना सिर्फ किलर लुक्स देती हुई दिखाई दे रही हैं बल्कि अपने हुस्न का ऐसा जलवा बिखेर रही है कि फोटोज देख प्रशंसक अनियंत्रित हो रहे हैं।

वही नई फोटोज में सई बिना दुपट्टे के लहंगा चोली पहने हुई दिखाई दे रही हैं। फोटोज में अभिनेत्री बेहद लाइट कलर का व्हाइट एवं ब्लू कॉम्बिनेशन में लहंगा पहनी हैं। इसके साथ ही गोल्डन कलर के सीक्वेंस वर्क में चोली पहनी हुई है। कुछ फोटोज में अभिनेत्री चोली को कंधे पर डालकर पोज देती दिखाई दी तो किसी फोटोज में बिना दुपट्टे के किलर लुक्स देती नजर आई।

वही इस लहंगे के साथ सई ने गोल्डन की जो चोली पहनी हुई है उसका डीपनेक सभी का ध्यान खींच रहा है। विशेष बात है कि चोली के साथ सई ब्रालेस लुक में दिखाई दी। जिसके कारण अभिनेत्री का ये अंदाज सोशल मीडिया पर धमाल मचा रहा है। सई ने ये फोटोशूट फिटविला टेली जुलाई, 2०22 के कवरपेज के लिए करवाया है। इस फोटोशूट में सई सीरियल में दिखाई देने वाले अपने लुक से एकदम अलग एवं बोल्ड अवतार में नजर आई। अभिनेत्री ने इस फोटोशूट की फोटोज अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा की है। इन फोटोज को अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर जैसे ही साझा किया तो ये देखते ही देखते वायरल हो गई। इन फोटोज पर अभिनेत्री के प्रशंसक उनकी प्रशंसा कर रहे हैं तथा निरंतर कमेंट भी कर रहे।

# रेणु कौशल की सिज़लिंग बिकनी तस्वीरों से इंटरनेट पर हलचल

रेणु कौशल की हॉट बिकिनी फोटो इंटरनेट पर वायरल हो गई है। बहुरंगी नाजुक बिकिनी में बॉलीवुड अभिनेत्री बेहद खूबसूरत लग रही हैं। बिकनी पर रचनात्मक प्रिंट बाहर खड़े हैं और मॉडल को और अधिक आकर्षक बनाते हैं। अभिनेत्री ने बिकनी में अपने टोंड कर्व्स दिखाते हुए अपनी एक नई तस्वीर अपलोड की। यह फोटोशूट उनके फैंस के बीच तहलका मचा रहा है और साथ ही वह अपना खूबसूरत टैटू भी दिखा रही हैं। उनका इंस्टाग्राम कमेंट सेक्शन उनके प्रशंसकों द्वारा आकर्षक टिप्पणियों से भरा हुआ है। उनके अनुयायियों की प्रशंसा और प्रशंसा ने उनका ध्यान और कृतज्ञता दोनों को आकर्षित किया। रेणु कौशल को वर्ल्ड सुपर मॉडल इंडिया 2०17 (वयस्क श्रेणी) और मिस इंडिया इंटरनेशनल 2०19 का ताज पहनाया गया था। हॉट ब्यूटी कई फैशन पत्रिकाओं की कवर गर्ल है। वह कई पंजाबी और हिंदी संगीत वीडियो में भी दिखाई दीं।

# साजिद नाडियाडवाला की फिल्म में काम करेंगे कार्तिक आर्यन!

बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन फिल्मकार साजिद नाडियाडवाला की फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी फिल्म भूल भुलैया 2 को बॉक्स ऑफिस पर मिली शानदार सफलता के बाद से लगातार चर्चा में बने हुए हैं। भूल भुलैया 2 को मिली शानदार सफलता के बाद कई प्रोडक्शन हाउस से उन्हें फिल्मों के ऑफर्स भी आ रहे हैंइसी बीच कार्तिक को साजिद नाडियाडवाला के ऑफिस के बाहर देखा गया है, जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो के सामने आने के बाद से चर्चा हो रही है कि कार्तिक जल्द ही साजिद नाडियाडवाला के किसी बड़े प्रोजेक्ट में नजर आ सकते हैं। कार्तिक आर्यन की इस वीडियो को फोटोग्राफर ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर किया है। इस वीडियो में कार्तिक , फोटोग्राफर को पोज देते हुए उनका अभिवादन कर रहे हैंकार्तिक आर्यन जल्द ही शशांक घोष के निर्देशन में बनी रोमांटिक थ्रिलर फिल्म फ्रेंडी में नजर आने वाले हैंइसके अलावा कार्तिक शहजादा, कैप्टन इंडिया जैसी फिल्मों में भी नजर आने वाले हैं।


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन


# फाड़ू में काम करना कई मायनों में सीखने लायक था:सैयामी खेर



बॉलीवुड अभिनेत्री सैयामी खेर जल्द ही अश्विनी अय्यर तिवारी द्वारा निर्देशित ओटीटी सीरीज फाड़ू में नजर आएंगी। उन्होंने साझा किया कि सीरीज में काम करने से एक अभिनेत्री के रूप में उनके कौशल के भंडार में बहुत कुछ जुड़ गया है। सैयामी कहती हैं, फाड़ू जैसी सीरीज में काम करने से एक अभिनेता के लिए न केवल पर्दे पर एक कलाकार के रूप में, बल्कि एक इंसान के रूप में भी क्षितिज को व्यापक बनाने में मदद मिल सकती है। सिनेमाई कला और संस्कृति में सराबोर इस फिल्म ने निश्चित रूप से मुझे अभिनय के शिल्प को बेहतर बनाने के अलावा और भी बहुत कुछ सीखने में मदद की।


अभिनेत्री ने आगे कहा कि वह हमेशा अश्विनी के साथ काम करने की इच्छा रखती थीं, जो सोनी लिव की सीरीज के साथ अपने डिजिटल निर्देशन की शुरुआत करती है। उन्होंने कहा, मैं हमेशा अश्विनी अय्यर तिवारी जैसे निर्देशक के साथ काम करना चाहती थी, जिसमें फिल्म निर्माण और ध्यान केंद्रित करने की उनकी एक सीमा थी। इस अवसर के लिए बहुत आभारी हूं और मैं यह सुनिश्चित करने जा रही हूं कि मैं इसके लिए अपना सर्वश्रेष्ठ काम करूंगी।

फाड़ू में थप्पड़ के अभिनेता पावेल गुलाटी भी हैं। इसमें दो अलग-अलग सोच वाले पात्रों के बीच गहन काव्यात्मक प्रेम की कहानी है। यह सीरीज जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनीलिव पर रिलीज होगी।

इस बीच, सैयामी स्पोर्ट्स ड्रामा घूमर में भी दिखाई देंगी, जिसका निर्देशन आर. बाल्की कर रहे हैं। यह फिल्म सैयामी को उनके ब्रीद : इनटू द शैडो के सह-अभिनेता अभिषेक बच्चन के साथ फिर से जोड़ेगी। फिल्म में वह सैयामी के कोच की भूमिका निभाएंगे।

# कबीर बेदी की चौथी पत्नी बेटी से है 5 साल छोटी !

एक्टर कबीर बेदी ने बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक की फिल्मो में काम किया है. बता दे की एक्टर 76 साल के हो चुके है. कबीर बेदी बॉलीवुड में ज्यादातर विलन का रोल निभाते थे. कबीर बेदी की ने चार शादी की थी.



बता दे की कबीर बेदी की चौथी पत्नी परवीन दोसांझ की उम्र 45 साल है. परवीन के साथ करीब 1० साल तक लिव इन रिलेशनशिप में रहने के बाद एक्टर ने शादी की थी. कबीर बेदी ने 1971 से फिल्मी दुनिया का सफर शुरू किया था. एक्टर की पहली शादी 1969 में डांसर प्रोतिमा से हुई थी, उन्हें पहली शादी से दो बच्चे हैं- बेटी पूजा और बेटा सिद्धार्थ. कबीर बेदी की पहली पत्नी की मौत एक हादसे में हो गई थी. इसके बाद एक्टर का नाम एक्ट्रेस परवीन बॉबी के साथ भी जुड़ा. एक्टर परवीन के साथ बॉलीवुड से हॉलीवुड भी पहुंचे, लेकिन दोनों का रिश्ता लंबे समय तक नहीं चल पाया.

परवीन बॉबी के बाद एक्टर कबीर बेदी ने ब्रिटिश फैशन डिजाइनर सुसैन हम्फ्रेस से शादी की. दोनों का एक बेटा भी हुआ. कबीर बेदी और उनकी पत्नी सुसैन का रिश्ता भी लंबे समय तक नहीं चल सका और दोनों का तलाक हो गया.कबीर बेदी ने दूसरे तलाक के बाद 199० में तीसरी शादी टीवी और रेडियो प्रेजेंटर निक्की से रचाई. कबीर की यह शादी भी लंबे समय तक नहीं चल पाई और दोनों ने 2००5 में अलग होने का फैसला ले लिया. कबीर बेदी ने चौथी शादी परवीन दोसांझ से की, एक्टर ने अपने 7०वें जन्मदिन से एक दिन पहले गर्लफ्रेंड से शादी की थी.

# शाहरुख की फिल्म में कैमियो करते नजर आ सकता है साउथ सुपर स्टार विजय




बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान इन दिनों अपनी अपकमिंग मूवी जवान के लिए कमर कस रहे हैं। मूवी जवान में शाहरुख खान एक्शन अवतार में दिखाई देने वाले है। डायरेक्टर एटली ने अपनी मूवी जवान का टीजर कुछ दिनों पहले ही रिलीज कर दिया गया था, जिसे देखकर यही कहा जा सकता है कि वो शाहरुख खान के फैंस को एक बार फिर से उनका डॉन वाला अवतार देखने के लिए मिलने वाला है।

मूवी जवान की खास बात यह है कि इसमें साउथ के भी कई कलाकार दिखाई देने वाले है, जिनकी कास्टिंग पर निरंतर काम चल रहा है। एटली साउथ के मंझे हुए कलाकारों को साइन करने में जुटे हुए हैं, ताकि मूवी जवान को पैन इंडिया रिलीज मिलने में कोई परेशानी न हो। यदि ताजा रिपोर्ट की माने तो मूवी जवान में साउथ के जाने-माने एक्शन स्टार थलापति विजय कैमियो करते नजर आ रहे है। थलापति विजय और शाहरुख खान बहुत अच्छे मित्र हैं। कई अवॉर्ड फंक्शन्स में शाहरुख खान और थलापति विजय ने स्टेज पर साथ डांस भी करते हुए दिखाई दिए है। साउथ के दर्शकों को इन दोनों की जोड़ी काफी पसंद है, ऐसे में देखना दिलचस्प होने वाला है कि ये दोनों स्टार जब साथ आएंगे तो थिएटर्स में कितना बड़ा धमाका होगा?

अगर शाहरुख खान के करियर की बात करें तो जवान के साथ-साथ शाहरुख खान के पास पठान और डंकी जैसी मूवीज हैं, जिनमें वो अदाकारी करते दिखाई देने वाले है। इन दोनों के साथ-साथ किंग खान रणबीर कपूर की ब्रह्मास्त्र और सलमान खान की टाइगर 3 में भी नजर आ सकते है। खबरों का कहना है कि ब्रह्मास्त्र और टाइगर 3 में शाहरुख खान कैमियो करते नजर आने वाले है। इन दोनों फिल्मों के निर्माता आदित्य चोपड़ा और करण जौहर शाहरुख खान के बहुत अच्छे दोस्त हैं, जिस कारण किंग खान इनमें कैमियो करने के लिए तैयार हो चुके है।

# भारत में मुद्रास्फीति और ईंधन की कीमतें

प्रो. के पी यादव

मुद्रास्फीति अर्थशास्त्र में सबसे लोकप्रिय शब्दों में से एक हो सकती है। मुद्रास्फीति और कुछ नहीं बल्कि वार्षिक कीमतों में वृद्धि की दर है और जब हम उपभोक्ता मुद्रास्फीति के बारे में सुनते हैं, तो यह एक साल पहले की तुलना में उपभोक्ताओं की वस्तुओं के मूल्य स्तर में वृद्धि होती है। केंद्रीय बैंकर अक्सर इसे महंगाई के रूप में जानते हैं।

भारत अपनी जरूरत का 85 फीसदी कच्चा तेल आयात करता है। दैनिक रूप से कच्चे तेल की कीमतें वैश्विक कीमतों से जुड़ी हुई हैं और उच्च कर दरों के अधीन हैं - उत्पाद शुल्क और राज्य वैट लगभग 54न्न। साथ ही पेट्रोल और डीजल जैसे पेट्रोलियम उत्पादों के बेस प्राइस में फ्रेट चार्ज और डीलर्स कमीशन जोड़ा जाता है। कच्चा तेल एक प्रमुख आर्थिक इनपुट है, इसलिए तेल की कीमतों में वृद्धि मुद्रास्फीति में योगदान करती है, जो अर्थव्यवस्था में कीमतों में वृद्धि की समग्र दर को मापती है। यू.एस. और उसके सहयोगियों ने यूक्रेन पर आक्रमण के कारण रूस पर जब प्रतिबंध लगाए थे तब कच्चे तेल की कीमतें एक दशक में सबसे अधिक थीं।

रूस तेल और पेट्रोलियम उत्पादों के दुनिया के सबसे बड़े निर्यातकों में से एक है। अंतर्राष्ट्रीय एनर्जी एजेंसी (आईईए) के अनुसार रूस वैश्विक बाजार में पेट्रोलियम उत्पादों का दुनिया का सबसे बड़ा निर्यातक और सऊदी अरब के बाद दूसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल निर्यातक है। रूस दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल उत्पादक (अमेरिका और सऊदी अरब के बाद) है। यह वैश्विक उत्पादन का 14 प्रतिशत अथवा 7-8 मिलियन बैरल प्रति दिन कच्चे तेल की आपूर्ति दुनिया भर के बाजारों में करता है।

मार्च 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण कच्चे तेल की कीमतें 14 साल के उच्च स्तर 130 डॉलर (वायदा) प्रति बैरल पर पहुंच गईं। ईंधन और बिजली जिसका कुल थोक मूल्य सूचकांक (थोक मूल्य मुद्रास्फीति) में 13.152न्न भार है। (कोयला- 2.13न्न, कच्चा तेल- 7.950न्न और बिजली- 3.064न्न) तो भारत में ईंधन की कीमत का पूर्वानुमान वैश्विक तेल की कीमत पर निर्भर करेगा और सरकार बार-बार स्थानीय ईंधन की कीमत में सामंजस्य के साथ-साथ अर्थव्यवस्था में वृद्धि का प्रयास करती है।

खुदरा और थोक मुद्रास्फीति दोनों का ईंधन घटक पिछले कुछ महीनों में तेजी से बढ़ रहा है। ईंधन की कीमतों में वृद्धि अन्य वस्तुओं की कीमतों में भी व्यापक प्रभाव रूप से प्रभाव डालती है। जो व्यवसाय इन लागतों को पारित करने में असमर्थ हैं, उन्हें अपने मुनाफे पर प्रहार करना होगा। बड़े व्यवसायों की तुलना में छोटे व्यवसाय इस दबाव के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं, चूंकि देश भर में अधिकांश सामानों के परिवहन के लिए ईंधन का उपयोग किया जाता है, अन्य वस्तुओं की लागत और कीमतों में धीरे-धीरे वृद्धि हो रही है।

यह सब अप्रैल में खुदरा मुद्रास्फीति में 16 महीने के उच्च स्तर 7.79 प्रतिशत पर पहुंच गया है, जो लगातार चौथे महीने भारतीय रिजर्व बैंक के 2-6 प्रतिशत के मध्यम अवधि के लक्ष्य के अपर बैंड को तोड़ रहा है। लेकिन सरकार किसी भी समय करों में कटौती के विचार को पसंद नहीं करती है क्योंकि उसकी चालू वित्त वर्ष में 7.5 लाख करोड़ खर्च करने की योजना है, जो लगभग दो दशकों में पूंजीगत व्यय के लिए इसका उच्चतम आवंटन है। इसके अन्य मौजूदा खर्च भी हैं जैसे गरीबों के भोजन के लिए सब्सिडी और विशेषकर कृषि के लिए उर्वरक, यदि वैश्विक वस्तुओं की कीमतें ऊंची बनी रहती हैं तो इनमें और तेजी आने की संभावना है।

यदि आप अपने उत्पाद शुल्क में कटौती करते हैं और फिर भी आपको उर्वरकों पर अधिक सब्सिडी का भुगतान करना पड़ता है और आप अपने उधार कार्यक्रम को बढ़ाते हैं, तो आप अंत में दर को बढ़ा देते हैं जिस पर भारत सरकार धन उधार ले सकती है। अधिक खर्च से नई दिल्ली का बजट घाटा व्यापक होगा, जिससे इस अंतर को पूरा करना अधिक महंगा हो जाएगा।

तेल की कीमतों में वृद्धि का प्रभाव हमारे द्वारा उपयोग की जाने वाली लगभग सभी वस्तुओं और सेवाओं में पड़ता है। तेल की कीमतें हर चीज की कीमत को प्रभावित करती हैं। भारत के पड़ोसी देश श्रीलंका में गंभीर आर्थिक संकट तेल की कीमतों में वृद्धि के रूप में देखा गया। परीक्षा के समय बिजली की कटौती विद्यार्थियों को अध्ययन से वंचित कर देती है। खाली टैंकों की वजह से वाहन फंसे हुए हैं और ऊर्जा संरक्षण के लिए शॉपिंग मॉल के एयर कंडीशनर को बंद किया जा रहा है। श्रीलंका सरकार ने ईंधन की गंभीर कमी के कारण सार्वजनिक क्षेत्र के कर्मचारियों को दो सप्ताह के लिए घर से काम करने का आदेश दिया है। भारत की स्थिति श्रीलंका से भिन्न है क्योंकि भारत की आधारभूत संरचना और कृषि का ढांचा मजबूत है। भारत के लोगों को मुद्रास्फीति के उच्च स्तर के साथ कार्य करने में ज्यादा दिक्कतों का सामना नहीं करन पड़ेगा।

लेखक कुलपति, मैट्स विश्वविद्यालय, रायपुर (ये लेखक के अपने विचार हैं)

# संसार को भीड़ से बचाने का सूत्र

वेद प्रताप वैदिक

ग्यारह जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जाता है। ऐसे अवसरों पर लोग उत्सव करते हैं लेकिन इस विश्व दिवस पर लोग चिंता में पड़ गए हैं। उन्हें चिंता यह है कि दुनिया की आबादी इसी रफ्तार से बढ़ती रही तो अगले 30 साल में दुनिया की कुल आबादी लगभग 10 अरब हो जाएगी। इतने लोगों के लिए भोजन, कपड़े, निवास और रोजगार की क्या व्यवस्था होगी? क्या यह पृथ्वी इंसान के रहने लायक बचेगी? पृथ्वी का क्षेत्रफल तो बढ़ना नहीं है और अंतरिक्ष के दूसरों ग्रहों में इंसान को जाकर बसना नहीं है।

ऐसे में क्या यह पृथ्वी नरक नहीं बन जाएगी? बढ़ता हुआ प्रदूषण क्या मनुष्यों को जिंदा रहने लायक छोड़ेगा? ये ऐसे प्रश्न हैं, जो हर साल जमकर उठाए जा रहे हैं। ये सवाल हमारे दिमाग में काफी निराशा और चिंता पैदा करते हैं लेकिन अगर हम थोड़े ठंडे दिमाग से सोचें तो मुझे लगता है कि मनुष्य जाति इतनी महान है कि वह इन मुसीबतों का भी कोई न कोई हल निकाल लेगी। जैसे अब से लगभग 70 साल पहले दुनिया की आबादी सिर्फ ढाई अरब थी लेकिन अब वह लगभग 8 अरब हो गई है।

क्या इस बढ़ी हुई आबादी को कमोबेश सभी सुविधाएं नहीं मिल रही हैं? नए-नए आविष्कारों, यांत्रिक विकासों और आपसी सहकारों के कारण दुनिया के देशों में जबर्दस्त विकास हुआ है। इन्हीं की वजह से लोगों के स्वास्थ्य में सुधार हुआ है और पिछले 40 साल में लोगों की औसत आयु में 20 साल की वृद्धि हो गई है। जो लोग पहले 50 साल की आयु पाते थे, वे अब 70 साल तक जीवित रहते हैं। जनसंख्या-वृद्धि का यही मूल कारण भी है। परिवार नियोजन तो लगभग सभी देशों में प्रचलित है।

जापान और चीन में यह चिंता का विषय बन गया है। वहां जनसंख्या घटने की संभावना बढ़ रही है। यदि दुनिया की आबादी 10-12 अरब भी हो जाए तो उसका प्रबंध असंभव नहीं है। खेती की उपज बढ़ाने, प्रदूषण घटाने, पानी की बचत करने, शाकाहार बढ़ाने और जूठन न छोड़ने के अभियान यदि सभी सरकारें और जनता निष्ठापूर्वक चलाएं तो मानव जाति को कोई खतरा नहीं हो सकता।

मुश्किल यही है कि इस समय सारे संसार में उपभोक्तावाद की लहर आई हुई है। हर आदमी हर चीज जरुरत से ज्यादा इस्तेमाल करना चाहता है। इस दुर्दांत इच्छा-पूर्ति के लिए यदि प्राकृतिक साधन दस गुना ज्यादा भी उपलब्ध हों तो भी वे कम पड़ जाएंगे। ऐसी हालत में पूंजीवादी और साम्यवादी विचारधाराओं के मुकाबले भारत की त्यागवादी विचारधारा सारे संसार के लिए बहुत लाभदायक सिद्ध हो सकती है।

जिस संयुक्तराष्ट्र संघ ने 11 जुलाई 1989 को इस विश्व जनसंख्या दिवस को मनाने की परंपरा डाली है, उसके कर्ता-धर्ताओं से मैं निवेदन करुंगा कि वे ईशोपनिषद् के इस मंत्र को सारे संसार का प्रेरणा-वाक्य बनाएं कि 'त्येन त्यक्तेन भुंजीथा' याने 'त्याग के साथ उपभोग करें' तो आबादी का भावी संकट या उसकी चिंता का निराकरण अपने आप हो जाएगा।

## सू- दोकू क्र.100

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.99 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |

## आलिया भट्ट ने 'हार्ट ऑफ स्टोन' की शूटिंग पूरी की

बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट ने अपनी आने वाली हॉलीवुड फिल्म 'हार्ट ऑफ स्टोन' की शूटिंग पूरी कर ली है। आलिया भट्ट फिल्म हार्ट ऑफ स्टोन से हॉलीवुड में डेब्यू कर रही हैहार्ट ऑफ स्टोन में आलिया भट्ट के साथ गैल गैडोट और जेमी डोर्नन की भी अहम भूमिका है।

आलिया ने इस फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। बताया जा रहा है कि इस हॉलीवुड फिल्म में आलिया धमाकेदार एक्शन से भरपूर सीन्स करती हुई दिखाई देंगी।आलिया ने अपने सोशल मीडिया पर गैल गेडोट और क्रू के साथ कुछ फोटोज शेयर की है।

आलिया ने फोटो शेयर करते हुए कैप्शन लिखा, हार्ट ऑफ स्टोन- तुम मेरे दिल में हो। खूबसूरत गैल गेडोट और मेरे निर्देशक टॉम हार्पर को थैंक्यू। जेमी डोर्नन आज आपको बहुत मिस किया और फिल्म की सारी टीम को थैंक्यू मुझे इतना अच्छा एक्सपीरियंस देने के लिए। मैं हमेशा आपके प्यार और केयर के प्रति शुक्रगुजार रहूंगी जो आप सबने मुझे दिया। अब बस फिल्म देखने का इंतजार कर रही हूं। लेकिन अबज्मैं घर आ रही हूं बेबी।फोटो में आलिया समुद्र के किनारे गैल को हग करते हुए नजर आ रही हैं। दूसरे फोटो में आलिया ,क्रू मेंबर्स के साथ दिख रही हैं।

# आम सहमति जरुरी है

प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा की सरकार की इस बात के लिए तारीफ करनी होगी कि उसने मधेसी जन समुदाय की भावना का ख्याल रखा। उसने नागरिकता कानून संशोधन बिल वापस लेने के फैसला किया है।

नेपाल में आखिरकार मधेसी समुदाय की जीत हुई। ये समुदाय है, जो भारत से जाकर वहां बसा है। इस समुदाय के लोगों के आज भी पारिवारिक और वैवाहिक संबंध भारत- खास कर बिहार में बनते हैँ। इसीलिए वहां जब नागरिकता कानून में संशोधन का बिल लाया गया, तो ये समुदाय सड़कों पर उतर आया।

बहरहाल, प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा की सरकार की इस बात के लिए तारीफ करनी होगी कि उसने इस जन समुदाय की भावना का ख्याल रखा। उसने नागरिकता कानून संशोधन बिल वापस लेने का फैसला किया है। देउबा सरकार ने कहा है कि अब इस विधेयक में शामिल विवादास्पद प्रावधानों को हटा कर विधेयक का नया प्रारूप तैयार किया जाएगा। उसके बाद उसे नए सिरे से संसद में पेश किया जाएगा।

नेपाल के नागरिक कानून अधिनियम-2006 में संशोधन के करने के लिए नया बिल तैयार हुआ था। लेकिन बिना आम सहमति बनाए उसे सात अगस्त 2018 को संसद में पेश किया गया। नतीजतन, देश के कई हिस्सों से उसको लेकर विरोध भड़क उठा। इस कारण बिल को पारित कराने की कार्यवाही रोक दी गई। ये विधेयक पारित होने पर नेपाल से लगे भारतीय क्षेत्रों में वैवाहिक रिश्ता बनाने वाले मधेसी नेपाली परिवारों को भारी दिक्कत होती।

नागरिकता संशोधन कानून में सबसे विवादास्पद प्रावधान नेपाली पुरुषों से विवाह करने वाली विदेशी महिलाओं की नागरिकता के बारे में था। इस प्रावधान पर एक संसदीय समिति ने दो साल तक व्यापक विचार-विमर्श किया। इसके बावजूद इस बारे में प्रमुख राजनीतिक दलों में आम सहमति नहीं बन सकी कि नेपाली पुरुषों से शादी करने वाली विदेशी महिलाओं को नागरिकता देने का नियम क्या हो। आम सहमति के अभाव में संसदीय समिति ने मतदान से फैसला किया था। उसमें बहुमत ने इस प्रावधान का समर्थन किया कि नेपाली पुरुष से विवाह करने वाली विदेशी महिला को सात साल बाद जाकर नेपाल की नागरिकता मिले। इस बारे में अभी भी देश में आम सहमति नहीं है। लेकिन बिल वापस होने के बाद नए सिरे से विचार-विमर्श का रास्ता खुला है।

# चोरी की योजना बनाते 7 शातिर गिरफ्तार



हमारे संवाददाता

हरिद्वार। चोरी की योजना बना रहे 7 शातिर बदमाशों को पुलिस द्वारा देर रात गिरफ्तार कर लिया गया है।

जानकारी के अनुसार कल देर रात कोतवाली रूड़की पुलिस को सूचना मिली कि सिविल लाइन चौपाटी के पीछे सुनसान पार्क में कुछ आपराधिक प्रवृत्ति के लोग चोरी की योजना बना रहे हैं। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने बताये गये स्थान पर दबिश देकर 7 बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में उन्होने अपना नाम अमीर पुत्र सलीम निवासी बन्दारोड़ कोतवाली रुड़की, शेरखान पुत्र हसीन निवासी इमली रोड़ सती महौल्ला रुड़की, शमीम पुत्र सद्दीक निवासी मछ्छी महौल्ला रुड़की, खुर्शिद पुत्र इम्तियाज निवासी बन्दा रोड रुड़की, आस मोहम्मद पुत्र समसाद निवासी लडौरा कोतवाली मंगलौर, अरमान पुत्र इस्लाम निवासी ग्राम बन्दारोड़ कोतवाली रुड़की व साहिल पुत्र अतीक निवासी सती मौहल्ला कोतवाली रुड़की बताया। पुलिस ने उनके पास से चोरी में प्रयुक्त होने वाले उपकरण प्लास, टार्च, पेंचकस, सरिया , हथौडा आदि बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार पकड़े गए अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं जिनके विरुद्ध पूर्व में भी कई अभियोग पंजीकृत हैं।

# सरकारी अनुदान का दुरूपयोग करने के मामले में कालेज के पदाधिकारी नामजद

संवाददाता

देहरादून। कूटरचित कागजात तैयार कर कालेज में आने वाले सरकारी अनुदान का दुरूपयोग करने के मामले में गुरूनानब पब्लिक स्कूल के पदाधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार धामावाला निवासी रंजीत सिह ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि गुरूनानक पब्लिक स्कूल सोसायटी चुक्खुवाला के सचिव जगमीत सिंह उर्फ प्रिंस व अन्य पदाधिकारियों द्वारा गुरूनानक पब्लिक स्कूल सोसायटी चुक्खुवाला संस्था में छल कर धोखाधडी कर फर्जी दस्तावेज बनाकर नवीनीकरण के नाम पर सरकारी अनुदान प्राप्त कर उसका दुरुपयोग किया जा रहा है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# बीएड के प्रथम सेमेस्टर परीक्षा फार्म 31 तक भरे जाएंगे

श्रीनगर गढ़वाल। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि के बीएड स्ववित्त पोषित संस्थानों सत्र 2021-22 के समस्त छात्र-छात्राओं के बीएड के प्रथम सेमेस्टर की मुख्य एवं बैक पेपर परीक्षाओं के ऑनलाइन आवेदन फार्म भरने की तिथि 23 जुलाई से 31 जुलाई तक घोषित की गई है। विवि के सहायक कुलसचिव अरविंद कुमार की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि समस्त संस्थान के प्राचार्य एवं निदेशक केवल उन्हीं छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र भरवाना सुनिश्चित करें छात्र-छात्राओं की सूची पूर्व में विवि को प्रेषित की गई है।

## एसटीएफ ने पंजाब का हत्यारोपी...

▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

सिंह ने बताया कि उक्त गिरफ्तार शूटर रोहित चांगल किच्छा का रहने वाला है उसके द्वारा कांट्रेक्ट किलिंग की पहली वारदात की गयी है। पंजाब के तरनतारन जिले में पांच जुलाई को दो शूटरों द्वारा शेरा नाम के एक व्यक्ति को दिन दहाडे गोली मारकर हत्या की गयी थी हत्या में शामिल दोनों किच्छा निवासी शूटरों को पंजाब के एक स्थानीय बदमाश साजन द्वारा 25 लाख की सुपारी में तय किया गया था। वारदात के बाद पंजाब पुलिस ने साजन को गिरफ्तार कर लिया था तथा मेन शूटर की गिरफ्तारी आज हुई है। जिसके बारे में पंजाब पुलिस को जानकारी दे दी गयी है।

# जमीनी फर्जीवाड़े में फरार चल रही महिला आरोपी गिरफ्तार




हमारे संवाददाता

हरिद्वार। जमीनी फर्जीवाड़े के मामले में फरार चल रही महिला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले में मुख्य आरोपी पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

जानकारी के अनुसार बीती 23 जून को भगवानपुर थाने में डाक द्वारा प्रेमो देवी पत्नि जयप्रकाश निवासी अजबपुरकलां देहरादून ने शिकायत करते हुए बताया था कि उनकी एक कृषि भूमि भगवानपुर, जिला हरिद्वार में हैं जा उनके द्वारा 2007 में फकीर चन्द पुत्र समय सिंह निवासी ग्राम खेडी शिकोहुपर, परगना भगवानपुर से खरीद की है।

बताया कि उन्हे पता चला है कि विनोद कुमार पुत्र राम सिंह निवासी हसनावाला द्वारा उनके नाम का फर्जी आधार कार्ड बनवाकर किसी अन्य महिला को उनके स्थान पर उपस्थित कर उपरोक्त जमीन का बैनामा अपने नाम करा लिया है। बताया कि विनोद कुमार ने उनके आधार कार्ड को फर्जी कूटरचित करके व उनके फर्जी निशानी अगूठा लगाकर अपने सहयोगी विकास शर्मा पुत्र मदनपाल शर्मा निवासी रूडकी व दिनेश कुमार पुत्र श्याम सिह निवासी रूडकी उनकी कृषि भूमि को बेचने का प्रयास किया जा रहा है। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि उक्त जमीन को षडयन्त्र के तहत बेचने वाला मास्टर माइंड अरविन्द कुमार उर्फ टीटू पुत्र कर्म सिह निवासी ग्राम खेडी शिकोहपुर व हाल निवासी हरिजन कालोनी बिहारीगढ है। जिसके पश्चात पुलिस 24 मई को एक सूचना के बाद अरविन्द कुमार उर्फ टीटू पुत्र कर्म सिह को गिरफ्तार कर लिया गया था। मामले में वांछित चल रही महिला के बारे में पुलिस को पता चला कि उसका नाम रानी देवी पत्नी जयपाल निवासी बनवाला हरिद्वार है जिसने मास्टर माइंड अरविन्द कुमार के साथ मिलकर पीड़िता के आधार कार्ड को कूटरचित करके षडयंत्र कर फर्जी अंगुठा लगाकर दुसरो को जमीन बेच दी गयी थी। जिसे देर रात स्वागत ढाबे के पास अमानतगढ़ बुग्गावाला से गिरफ्तार कर लिया गया है।

# 25 पेटी शराब के साथ चार गिरफ्तार, कार व लोडर सील



संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने 25 पेटी शराब के साथ चार लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार व लोडर (छोटा हाथी) सीज कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ऋषिकेश कोतवाली पुलिस ने नटराज चौक के पास एक कार व छोटा हाथी को रूकने का इशारा किया तो वह दोनों भाग खडे हुए। पुलिस ने पीछा कर उसको फ्लाईओवर के पास रोक दिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने दोनो वाहनों से 25 पेटी शराब बरामद कर ली। पुलिस ने दोनों वाहनों पर सवार चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम विवेक थपलियाल उर्फ सोनू पुत्र स्वर्गीय वीरेन्द्र पोखरियाल निवासी प्रकाश विहार (चालक) चंद्रेशखर नौटियाल पुत्र माधवानंद नौटियाल निवासी शास्त्रीनगर आमवाला तल्ला रायपुर, बसंत साहनी पुत्र झरोकी साहनी निवासी खुडबुडा मौहल्ला, रामकुमार साहनी पुत्र लालबाबू साहनी निवासी गोविन्द नगर खुडबुडा मौहल्ला बताया। पुलिस ने सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# स्नातक स्तरीय परीक्षा के अभ्यार्थियों को शीघ्र नियुक्ति दी जाये:चौहान



संवाददाता

देहरादून। स्नातक स्तरीय परीक्षा मे चयनित अभ्यार्थी अंकुर कुमार चौहान ने कहा कि मामले की जांच चलती रहे लेकिन परीक्षा में सफल हुए अभ्यार्थियों को शीघ्र नियुक्ति दी जाये।

आज यहां उत्तरांचल प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए अंकुर चौहान ने कहा कि स्नातक स्तर की की विज्ञप्ति नवम्बर 2020 में जारी हुई थी यह विज्ञप्ति जब जारी हुई तो इसमें 354 पदों के लिए परीक्षा होनी थी परन्तु बाद में भर्ती संशोधित होकर 916 पद हुए जिसकी परीक्षा 4-5 दिसम्बर 2021 को सम्पन्न हुई। उन्होंने कहा कि इस परीक्षा का परिणाम 7 अप्रैल 2020 को जारी हुआ। परीक्षा परिणाम के उपरान्त इसकी सत्यापन प्रक्रिया 17 मई से 27 मई तक सम्पन्न करायी गयी। उन्होंने कहा कि इस परीक्षा परिणाम के जारी होने के बाद कई तरह के आयोग व सरकार पर सवालिया निशान उठाए गये जिसमें तथाकथित संगठनों द्वारा स्क्रीनशॉट जारी किए गए की पेपर लीक हुआ है। उन्होंने कहा कि इस परीक्षा में सफल अभ्यार्थियों का लगातार गलत तथ्य बार-बार उठाकर मानसिक शोषण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वह अपनी नियुक्ति जल्द से जल्द चाहते है और इस सम्बन्ध आयोग व सरकार जल्द निर्णय लें। उन्होंने कहा कि जो जांच का विषय है उसे रोकना उनका मकसद नही हे जांच भी चलती रहे लेकिन चयनित अभ्यार्थियों को जल्दी से जल्दी नियुक्ति दी जाए तथा उनसे अगर शपथ पत्र लेना हो तो वह शपथ पत्र देने को भी तैयार हैं। प्रेसवार्ता में अन्य चयनित अभ्यार्थियों में से प्रवीन सेमवाल, महेश जोशी, अनिरूद्ध पुरोहित आदि भी मौजूद थे।



## एक नजर

# अवैध खनन के विरोध में आत्मदाह का प्रयास करने वाले साधु का निधन

भरतपुर। राजस्थान के भरतपुर जिले में अवैध खनन के विरोध में आत्मदाह करने वाले साधु विजय दास की दिल्ली में इलाज के दौरान मौत हो गई। विजय दास का सफदरजंग अस्पताल में इलाज चल रहा था। बीती रात करीब तीन बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। जानकारी के मुताबिक विजय दास को दो दिन पहले गंभीर हालत में जयपुर से दिल्ली शिफ्ट किया गया था। संत विजय दास का पार्थिव शरीर दिल्ली से यूपी के बरसाना लाया जा रहा है, जहां श्रीवस्ती गौशाला में उनका अंतिम संस्कार होगा। पसोपा गांव के लोग भी अंतिम संस्कार में



शामिल होने के लिए बरसाना जा रहे हैं। वहीं राजस्थान सरकार की ओर से अंतिम संस्कार में शिक्षा मंत्री बीडी कल्ला, मंत्री लालचंद कटारिया और मंत्री विश्वेन्द्र सिंह के शामिल होने की सूचना है। अलवर से बीजेपी सांसद बाबा बालकनाथ ने साधु विजय दास की मौत पर दुख जताया है। कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने ट्वीट किया, "सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार और खनन माफियाओं के साथ साझेदारी के कारण एक साधु को यह कदम उठाना पड़ा। निश्चित तौर पर इस हत्या की दोषी राजस्थान की गहलोत सरकार है।

## कांवड़ियों के ऊपर थूके जाने के बाद बवाल!

मेरठ। कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र हाईवे-58 हाईवे चौकी के पास कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़ियों के ऊपर थूके जाने के बाद बवाल बढ़ गया। इससे गुस्साए लोगों ने पुलिस चौकी में तोड़फोड़ की साथ ही जमकर बवाल मचाया। हरिद्वार से राजस्थान जा रही विशाल कावड़ के ऊपर संप्रदाय विशेष के दो युवकों ने थूक दिया। कावड़ियों ने एक युवक



को धर दबोचा। जबकि दूसरा भाग निकला। थूकने वाले युवक की जमकर पिटाई की। युवक की पहचान संप्रदाय विशेष के युवक के रूप में हुई है। सूचना पर एसएसपी एसपी ट्रैफिक डीएम समेत कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और कावड़ियों को समझा कर शांत करने का प्रयास किया। मगर कावड़िए सुनने को तैयार नहीं। बाद में जैसे तैसे कावड़ियों को समझाया गया। डीएम एसएसपी समेत आला अधिकारी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। गुस्सा कांवरियों को शांत करने का प्रयास किया गया। इस बीच भाजपा के एमएलसी धर्मेंद्र भारद्वाज और अन्य भाजपा नेताओं ने गुसाए कावड़ियों को किसी तरह समझा कर शांत किया।

## सलमान खान ने की पुलिस कमिश्नर से मुलाकात

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान ने शुक्रवार को मुंबई के नवनियुक्त पुलिस आयुक्त विवेक फनसालकर से दक्षिण मुंबई में उनके कार्यालय में मुलाकात की। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, अभिनेता ने हथियार लाइसेंस के लिए आवेदन किया है। जहां खान ने कहा कि वह आयुक्त से मिलकर उन्हें बधाई देने के लिए गए थे, क्योंकि वे पुराने दोस्त थे, यह मुलाकात पिछले महीने उन्हें मिले एक धमकी भरे पत्र के मद्देनजर हुई थी। एक अधिकारी ने बताया कि



अभिनेता शाम करीब चार बजे मुंबई पुलिस मुख्यालय पहुंचे और फंसलकर से मुलाकात की। खान ने संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून और व्यवस्था) विश्वास नांगरे-पाटिल से भी आयुक्त कार्यालय में मुलाकात की। बकौल पीटीआई, पत्रकारों द्वारा यात्रा के उद्देश्य के बारे में पूछे जाने पर, अभिनेता ने कहा, "वह (पुलिस आयुक्त) एक पुराने दोस्त हैं।" पिछले महीने, सलमान खान और उनके पिता, पटकथा लेखक सलीम खान को एक पत्र मिला जिसमें धमकी दी गई थी कि पिता-पुत्र की जोड़ी का वही हाल होगा जो पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला का है जो मई में मारा गया था। घटना के बाद खान और उनके परिवार की सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। दरअसल कुछ दिनों पहले सलमान खान के पिता सलीम खान सुबह जोगिंग पर गए थे। वहां वो जिस बेंच पर बैठे वहां उन्हें एक पत्र मिला जिसमें उन्हें और उनके बेटे सलमान खान को जान से मारने की धमकी दी गई थी।

# हरिद्वार में कांवड़ियों की बढ़ी भीड़

विशेष संवाददाता

हरिद्वार। डाक कांवड़ शुरू होने से अब हरिद्वार में कांवड़ियों की भारी भीड़ उमड़ रही है। 26 जुलाई तक चलने वाली कांवड़ यात्रा में अब डाक कांवड़ियों की आमद से भीड़ को नियंत्रित करने की चुनौती और भी गंभीर होती जा रही है।

छुटपुट दुर्घटनाओं को अगर छोड़ दिया जाए तो अब तक कांवड़ यात्रा सुचारू रूप से संचालित हो रही है अब तक दो करोड़ से अधिक कांवड़िए इस यात्रा का हिस्सा बन चुके हैं। फिलहाल हरिद्वार में लाखों की संख्या में कांवड़िए मौजूद है। सुरक्षा और अधिक मजबूत बनाने के लिए उत्तराखंड सरकार ने चार कंपनी अतिरिक्त सुरक्षा बल की मांग की थी जो मिल चुकी है। डीजीपी अशोक कुमार का कहना है कि चुनौती बड़ी है लेकिन अब तक यात्रा निर्विघ्न रूप से सुचारू तरीके से चल रही है। अभी डाक कांवड़ियों के आने का सिलसिला शुरू हुआ है जो अंत तक जारी रहेगा। इस दौरान भीड़ बढ़ने से सुरक्षा के अतिरिक्त



**❑अब तक सुचारु रूप से यात्रा जारीः डीजीपी**

**❑सुरक्षा एक बड़ी चुनौती, चार कंपनी और बढ़ाई**

इंतजाम किए गए हैं इस बीच उत्तर प्रदेश के मेरठ में आज गैर हिंदू समाज के एक व्यक्ति द्वारा कावड़ का अपमान करने का मामला सामने आने के बाद यहां कांवड़ियों द्वारा एनएच-58 पर जाम लगा दिया। मौके पर पहुंचे अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने किसी तरह कांवड़ियों को समझा-बुझाकर जाम को खुलवाया गया तथा आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि इस दौरान कुछ स्थानीय नेता और पुलिस अधिकारी यह कहते हुए भी देखे गए हैं कि किसी ने भी कावड़ को खंडित नहीं किया है। उधर रुड़की में भी एक कांवड़िए ने कावड़ चोरी होने पर गंग नहर में कूदकर अपनी जान दे दी। वही हरिद्वार में आज एक कावड़िए को जल पुलिस ने डूबने से बचा लिया। यह कांवड़िया सहारनपुर का रहने वाला बताया गया है।

उधर उत्तरकाशी से प्राप्त समाचार के अनुसार कांवड़ियों का एक वाहन पलट जाने से 4 कांवड़ियों के घायल होने की खबर है, 12 जुलाई से शुरू हुई कावड़ यात्रा अब अपने अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। एक अनुमान के अनुसार इस बार कांवड़ यात्रा सभी पिछले रिकॉर्ड तोड़ सकती है अब तक दो करोड़ के करीब यात्री कांवड़ ले कर जा चुके हैं वर्ष 2019 में यह रिकॉर्ड तीन करोड़ कावड़ियों का रहा था जो इस बार चार करोड़ तक पहुंच सकता है।

## नाबालिग ने शौचालय में दिया मृत नवजात को जन्म!

हमारे संवाददाता

रुद्रप्रयाग। पेट में दर्द की शिकायत पर अस्पताल में भर्ती एक 17 वर्षीय नाबालिग ने मृत बच्चे को शौचालय में जन्म दिया। नाबालिग अपनी मॉं के साथ अस्पताल आई थी व पेट दर्द की शिकायत पर अस्पताल में भर्ती थी।

रुद्रप्रयाग के एक निकटवर्ती गॉव की एक नाबालिग के पेट दर्द की शिकायत पर उसकी मॉं द्वारा अस्पताल मे भर्ती किया गया लेकिन नाबालिक की मां ने प्रेग्नेंसी की बात डॉक्टरों से भी छुपा कर रखी। बताया जा रहा है कि रात को ज्यादा दर्द होने पर नाबालिग की मॉं उसे शौचालय में ले गई जहां काफी देर तक नाबालिग को रखा गया नाबालिग ने वहीं पर नवजात को जन्म दिया। सुबह जब सफाई कर्मियों ने शौचालय में मृत नवजात को देखा तो वह सकते मे आ गये। घटना के बाद अस्पताल प्रशासन भी सकते में है।

## कोरियर सर्विस का अधिकारी बन ठगे एक लाख रुपए

संवाददाता

देहरादून। कोरियर सर्विस का अधिकारी बनकर एक लाख रूपये की ठगी करने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आदर्श नगर ऋषिकेश निवासी राजेश कुमार तायल ने ऋषिकेश कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके पास एक कॉल आया। फोन कर्ता ने अपने आपको कोरियर सर्विस का अधिकारी बताते हुए उससे कहा कि उसका एक पार्सल आया है तथा बात करते हुए उसने उसको एक लिंक भेजा। उसने जैसे ही उस लिंक को क्लीक किया तो उसके खाते से नौ बार में एक लाख 43 हजार 597 रूपये निकल गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कावड़ चोरी होने से दुखी कांवड़िये ने दी जान

हरिद्वार (नसं)। कावड़ चोरी होने से दुखी एक कांवड़िए ने गंग नहर में अचानक छलांग लगा कर जान दे दी। सूचना मिलने पर पुलिस ने गोताखोरों की मदद से नहर से कांवड़िए का शव बरामद कर लिया है। जानकारी के अनुसार मृतक कांवड़िया हरियाणा का रहने वाला था। उसकी उम्र करीब 30 वर्ष थी। उसका नाम होशियार सिंह पुत्र महावीर सिंह था। वह कांवड़ में जल लेने हरिद्वार गया था। वहां से जल लेकर गंतव्य की ओर जा रहा था इस दौरान गंग नहर पटरी पर लगे कांवड़ सेवा शिविर में उसने आराम किया, थोड़ी देर रुकने के बाद जैसे ही होशियार सिंह आगे जाने के लिए अपनी कांवड़ उठाने के लिए पहुंचा तो वहां न तो उसकी कांवड़ थी और न ही रुपए। इससे वह परेशान हो गया। उसने काफी हंगामा भी किया। वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने उसे काफी समझाने की कोशिश की। इसके बाद अचानक उसने मेरठ के जानीखुर्द पुल से गंगनहर में छलांग लगा दी। यह देखते ही लोगों में हड़कंप मच गया। पीएसी व ग्रामीण गोताखोरों ने कांवड़िए की नहर में तलाश की। उसका शव बरामद होने के बाद परिजनों को इसकी सूचना दी गई।

## चोरी का कुछ घंटो में ही खुलासा, एक गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। चोरी का चंद घंटो में ही खुलासा करते हुए पुलिस ने एक शातिर को चुराये गये मोबाइल, हजारों की नगदी व एटीएम कार्ड सहित गिरफ्तार कर लिया गया है।

जानकारी के अनुसार बीते रोज श्रवण कुमार पुत्र सुखलाल सिंह निवासी ग्राम सेकुपुरा थाना मंडावर जिला बिजनौर द्वारा शहर कोतवाली में तहरीर देकर बताया गया था कि वह अपने साथी के साथ ट्रक में प्लास्टिक का दाना लेकर दोपहर दो बजे पुराना औधोगिक क्षेत्र हरिद्वार आया था और ट्रक को कम्पनी के पास सड़क पर खडा करके ट्रक के अन्दर सो गये थे। जब सुबह करीब 4 बजे उठे तो देखा कि ट्रक में उसका मोबाईल, बैंक ऑफ बडोदा का एटीएम और 3000 रू. किसी अज्ञात चोर द्वारा चुरा लिये गये है। मामले में पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी गयी। चोरों की तलाश में जुटी पुलिस टीम द्वारा कड़ी मशक्कत करते हुए कुछ ही घंटो बाद अमन थापा पुत्र स्व. सोनू सिंह निवासी इन्द्रा बस्ती औ.क्षेत्र कोतवाली नगर हरिद्वार को एक सूचना के बाद आज सुबह लगभग पांच बजे हिल बाईपास रोड से इन्द्राबस्ती को जाने वाले तिराहे से गिरफ्तार कर लिया गया। जिसके चोरी किया गया मोबाइल फोन, नगदी एवं बैंक ऑफ बडौदा का एटीएम कार्ड बरामद किया गया है। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजा जा रहा है।

**आर.एन.आई.- 59626/94**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकारः**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**

**कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*